**No. 2019/IRCTC/CS/ST.EX/356** **12th February 2025**

| | |
|---|---|
| **BSE Limited**<br>**(Through BSE Listing Centre)**<br>1st Floor, New Trade Wing,<br>Rotunda Building, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street Fort,<br>Mumbai-400001<br>**Scrip Code: 542830** | **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>**(Through NEAPS)**<br>National Stock Exchange of India Ltd.,<br>Exchange Plaza, C-1, Block G,<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (E), Mumbai – 400051<br>**Scrip Symbol: IRCTC** |

**Sub: Newspaper publication regarding Unaudited (Standalone & Consolidated) Financial Results for the quarter & nine-months ended on December 31, 2024.**

**Sir/Madam,**

Please find enclosed herewith the newspaper publication regarding Unaudited (Standalone & Consolidated) Financial Results for the quarter & nine-months ended December 31, 2024, in Hindustan Times (in English) and Hindustan (in Hindi) on 12th February 2025.

This is for your kind information and record please.

Thanking you,

**For and on behalf of Indian Railway Catering and Tourism Corporation Limited**

suman kalra

Digitally signed by suman kalra
DN: c=IN, o=Indian Railway Catering and Tourism Corporation Ltd, ou=Company Secretary, 2.5.4.20=97d540451782e28473735b6f729b19b358c83ac8f8cc2024f33c3f49078d3e9d, postalCode=110001, st=DELHI, serialNumber=4deeb12f23f611e01f72faebd9647ad036cef3343d11ad1af4409df02068217c, cn=suman kalra
Date: 2025.02.12 13:10:12 +05'30'

**(Suman Kalra)**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership No: F9199**

**Encl: as above**

## INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.

(A Government of India Enterprise - Mini Ratna)
CIN : L74899DL1999GOI101707

### STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE & CONSOLIDATED) FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2024

The Board of Directors of the Company, at its Meeting held on February 11, 2025, has approved the unaudited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2024.

The Financial results, along with the Limited Review Report, have been uploaded on the Company's website and websites of BSE & NSE. The same is available at https://www.irctc.com/assets/images/Integrated_Filing_Financial%20Results(11.Feb.2025).pdf and can be accessed by scanning the below QR code.

For & on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Sanjay Kumar Jain
Chairman & Managing Director
DIN: 09629741

Place: New Delhi
Dated : 11th February, 2025

**Note:** *The above intimation is in accordance with Regulation 33 read with Regulation 47 (1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.*

Registered Office: IRCTC Ltd., 4th Floor, Tower-D, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi - 110029

## BSES

BSES Rajdhani Power Limited, New Delhi

**NOTICE INVITING TENDER FOR SHORT TERM PURCHASE OF POWER FOR THE PERIOD 01ST May 2025 TO 30TH SEPTEMBER 2025**
Tender No. Head (PMG)/BRPL/E Tender/2025-26/517

In accordance with the guidelines for short term procurement of power notified by the Ministry of Power and directions issued by Hon'ble DERC, BRPL has floated power procurement tender with the General Terms and Conditions for purchase of power and same is available on e-Bidding portal www.mstcecommerce.com, www.bsesdelhi.com.

Bidders are requested to kindly visit above website and submit the competitive purchase offers on www.mstcecommerce.com.

**Last date of bid submission is 17th February'2025 up to 15:00 HRS and Opening of non financial technical Bids is 18th February' 2025 at 11:00 HRS**

Address:- **Head PMG**, BSES Rajdhani power Ltd., BSES Bhawan, 2nd Floor, D-Block, Nehru Place, New Delhi – 110019 (Tel: 011-49209037)

Regd. Off. : BSES Rajdhani Power Limited, BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi-110019
Corporate Identification No.: U40109DL2001PLC111527
Telephone No. : +91 11 4910 7235
Website : www.bsesdelhi.com

## M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEV. BOARD

### NOTICE INVITING TENDER

(SYSTEM TENDER No. 2025_MPHID_402125_1)

**Ref. No. : 294**

Madhya Pradesh Housing & Infrastructure Development Board (MPHIDB) hereby invites online proposals through e-tendering mode from reputed consultants/firms for "Selection of Architect for Master planning, Designing and DPR preparation for Residential Towers on Hukumchand Mill Land (of MPHIDB), Indore MP". Selection process would be as per RFP terms and conditions. Online bids are invited from interested bidders as per following details.

| S. No. | Name of Work | Cost of Tender Document | Earnest Money Deposit (EMD) |
|---|---|---|---|
| 1. | "Selection of Architect for Master planning, Designing and DPR preparation for Residential Towers on Hukumchand Mill Land (of MPHIDB), Indore MP ". | Rs. 20,000 | Rs. 5,10,000 |

**Note :** (1) The bid documents can be purchased online only at **www.mptenders.gov.in** as per schedule: 20.02.2025 at 10:30 A.M. to 13.03.2025 at 05:30 Hrs. (2) Interested bidders can view the detailed NIT on website **https//www.mptenders.gov.in**. (3) Key Dates are available on e-tender website. (4) Amendments to NIT if any would be published on website only, and not in newspapers. (5) MPHIDB reserves the right to cancel the tender at any time without assigning any reason.

**Visit us . www.mphousing.in**
M.P. Madhyam/118778/2025
/mphidb
/mphidb

**(Rajkumar, E.E.)**
**MPHIDB, Division 1, Indore**
**Mob. 9303270087**

## म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

पर्यटन भवन भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : 0755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com

क्रमांक 95/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक 11.02.2025

### निविदा सूचना 49/ 2025_STDC_402137_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम : भारत भवन भोपाल के परिसर में कलाग्राम का निर्माण एवं विकास कार्य (आंतरिक विद्युतीकरण सहित)। (15 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 1072.59 लाख**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 05.03.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र.माध्यम/118775/2025 **कार्यपालन यंत्री**

## NORTHERN RAILWAY

**Railway Recruitment Cell(RRC), Lajpat Nagar-1, New Delhi-110024**

**INDICATIVE NOTICE**

**Employment Notice No. RRC/NR-01/2025/GR-D**

Online Applications are invited from Eligible Indian Sports Persons as per the detailed notification of eligibility conditions like Sports Qualification, Educational Qualifications, Age, Examination Fee and General Instructions etc. available on RRC website www.rrcnr.org and also in the coming edition of National and regional Newspapers for 38 vacancies for the post of Level-1 of 7th CPC.

| IMPORTANT DATES | |
|---|---|
| Date of publishing of Notification | 06/02/2025 |
| Date of Opening of Online Registration and filling of Application | 09/02/2025 at 17:00 Hrs. |
| Date of Closing of Online registration and filling of Application. | 09/03/2025 at 16:00 Hrs. |
| Expected date of Trials | From 17/03/2025 to 29/03/2025 |

457/2025 **CHAIRPERSON/RRC**

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE**

## MADHYA PRADESH URJA VIKAS NIGAM LTD.

(Department of New And Renewable Energy, Govt. of M.P.)
Urja Bhawan, Link Road No. 2, Near Bus Stop No. 5
Shivaji Nagar Bhopal–462016
Tel. No. : + 91-755-2553595, 2556566, 2767270
Web. : http://www.mprenewable.nic.in, E-mail : kusumc.mpuvn@gmail.com
RFP No. : F/UVN/2024/KUSUM-C/V/5183 Date : 11.02.2025

### REQUEST FOR PROPOSAL

Madhya Pradesh Urja Vikas Nigam Limited, invites Bids from the Bidders to participate through this Request for Proposal (RFP) for Selection of Renewable Power Generators (RPGs) for implementation of approximately 1500 mw of grid connected solar PV based power plants for sale of solar power to MPPMCL under Feeder Solarization Component of PM KUSUM-C at selected substations in the state of Madhya Pradesh, India.

Bid documents, which include eligibility criteria technical specifications, various conditions of agreements, formats etc., can be viewed from website of nodal agency **(http://www.mprenewable.nic.in)** website and can be downloaded from **https://www.bharat-electronictender.com** by 15.02.2025.

M.P. Madhyam/118785/2025 **MANAGING DIRECTOR**

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट संख्या–01, सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in, ई–मेल: authority@gnida.in

पत्रांक: वरि०प्र०/(ई–निविदा सेल)/2025/568 दिनांक 10.02.2025

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना


महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– वरि० प्र०/(ई–निविदा सेल)/2025/567 दिनांक 10.02.2025 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या–01 से 19 तक के कार्य की ई–निविदाये आमन्त्रित जाती है। समस्त नियम व शर्ते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट: **www.greaternoidaauthority.in** पर ई–निविदा लिंक एवं **ई–पोर्टल https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम /वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| **निर्माण कार्य** | | |
| 1. | ग्रेटर नोएडा के ग्राम चूहडपुर खादर में शमशान घाट का नवीनीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रु० 5.88 लाख |
| 2 | सैक्टर गामा–2 में कॉइल फेंसिंग उपलब्ध कराना व लगाना तथा बाउंड्रीवाल की मरम्मत का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रु० 16.75 लाख |
| 3. | सैक्टर गामा–1 में कॉइल फेंसिंग उपलब्ध कराना व लगाना, गार्ड रूम अटैच्च शौचालय का निर्माण तथा बाउंड्रीवाल की मरम्मत का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रु० 34.03 लाख |
| 4. | ग्रेटर नौएडा की 130 मीटर चौड़ी सड़क पर, हिण्डन ब्रिज से सैक्टर–2 और टेकजोन–4 तक क्रेक सीलिंग का कार्य। (वर्क सर्किल–7) | रु० 118.29 लाख |
| 5. | साबित्री बाई फूले बालिका इण्टर कॉलेज के हॉस्टल बिल्डिंग का नवीनीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल–7) | रु० 117.06 लाख |
| 6. | गौतम बुद्ध बालिक इण्टर कॉलेज के हॉस्टल बिल्डिंग का नवीनीकरण का कार्य (वर्क सर्किल–7) | रु० 118.91 लाख |
| 7. | ग्रेटर नौएडा की 130 मीटर चौड़ी सड़क (दोनों तरफ) पर, बिक्र ड्रेन (105 मी० रोटरी से सिरसा रोटरी तक) का कार्य। (वर्क सर्किल–7) | रू० 120.17 लाख |
| 8. | ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल–4, 5, 6 एवं 7 के विभिन्न रोड़ो एवं सेक्टरों में पैच रिपयेरिंग का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रु० 269.58 लाख |
| 9. | ग्रेटर नौएडा के सैक्टर–3 के ब्लॉक–सी में 9.0 मीटर और 12 मीटर चौड़ी सड़क का पुनः निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–3) | रु० 304.66 लाख |
| 10. | ग्रेटर नौएडा की 130 मीटर चौड़ी सड़क पर, यू.पी.एस.आई.डी.सी. डी–पार्क से डी.एफ.सी.सी.आई.एल के पास सर्विस रोड की कनेक्टविटी का कार्य। (वर्क सर्किल–7) | रु० 317.45 लाख |
| 11. | ग्रेटर नौएडा में सैक्टर–के०पी०–5 और सैक्टर–3 के बीच 80 मी० चौड़ी सड़क को 130 मीटर चौड़ी सड़क से 60 मीटर चौड़ी सड़क (बालक इण्टर कॉलेज) का चौड़ीकरण और सुदृढीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल–3) | रु० 943.44 लाख |
| **जलापर्ति एवं सीवर के कार्य** | | |
| 12. | ग्रेटर नौएडा के सेक्टर–16बी, 16सी, वितरण पाईप लाईन में उपलब्ध कराने एवं बिछाने कार्य। (वर्क सर्किल–जल विभाग) | रु० 87.96 लाख |
| 13. | ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत सैक्टर–31 (ईकोटेक–1 औद्योगिक) में जलापूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाये जाने एंव तत्सम्बन्धित कार्यों के सम्बन्ध में। (वर्क सर्किल–जल विभाग) | रु० 437.78 लाख |
| **उद्यान विभाग के कार्य** | | |
| 14. | सैक्टर के.पी–2 में पेड, पौधों एवं लॉन और सेंट्रल वर्ज एंव ग्रीन बेल्ट का सिविल कार्य के सहित दो वर्ष तक का अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल–उद्यान) | रू० 55.98 लाख |
| 15. | सैक्टर म्यू–2 में 30 मी० के इनफोर्मल सोसायटी में पेड, पौधों एवं लॉन का शेष वृक्षारोपण सहित सिविल कार्य का सहित दो वर्ष तक का अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल–उद्यान) | रू० 77.64 लाख |
| 16. | सैक्टर–36 में पेड, पौधों एवं लॉन का सिविल कार्य के साथ दो वर्ष तक का अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल–उद्यान) | रु० 101.53 लाख |
| 17. | सैक्टर फाई–4 एवं 80 मी. चौडी पेरिफयल रोड सहित एवं कोट स्केप नहर के मध्य ग्रीन बेल्ट पर लगे पेड़ पौधों एवं लॉन तथा सिविल कार्य का दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य।(वर्क सर्किल–उद्यान) | रु० 117.10 लाख |
| 18. | सैक्टर पाई–1 एवं 2 में पेड पौधों एवं लॉन और ग्रीन बेल्ट पार्कों एवं अफोर्डेबल हाउसिंग का दो वर्ष तक का अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल–उद्यान) | रु० 140.42 लाख |
| **विद्युतीकरण का कार्य** | | |
| 19. | शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में पुरानी एवं अनुपयोगी सी.एफ.एल. और सोडियम स्ट्रीट लाईट को एल.ई.डी. से बदलना और टेनिस कोर्ट बिल्डिंग की आन्तरिक रीवायरिंग का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रू0 23.48 लाख |

क्रम सं0–1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 12, 14, 15, 16, 17, 18 एवं 19 पर अंकित कार्यों को दिनांक– 12.02.2025 से 21.02.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 24.02.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी एवं क्रम सं0– 8, 9, 10, 11, एवं 13 पर अंकित कार्यों को दिनांक–12.02.2025 से 25.02.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक–27.02.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

**वरिष्ठ प्रबंधक (ई–निविदा सेल)**

Follow Us On / OfficialGNIDA



# साइबर ठगी में गंवाई राशि पाने को कर्ज ले रहे लोग

हि नेटवर्क

■ आलोक शर्मा

कानपुर। साइबर ठगी के शिकार दोतरफा मारे जा रहे हैं। पहली चोट तो साइबर ठगों ने पैसा लूट कर दी, दूसरी चोट नियम-कानून से मिल रही है। ठगों के खातों में फ्रीज कराई गई रकम वापस पाने के लिए पीड़ित को उतनी ही रकम की एफडी देनी पड़ रही है। ऐसे पीड़ित रिश्तेदारों से कर्ज मांग रहे हैं।


साइबर पुलिस सुनील वर्मा के मुताबिक ठगी की फ्रीज रकम पाने के लिए उतनी ही राशि की सिक्योरिटी जमा करने का नियम है।

## रिश्तेदारों से 12 लाख लेकर एफडी कराई



साकेत नगर की युवती को साइबर ठगों ने 27 सितंबर 2023 को डिजिटल अरेस्ट किया था। उसके खाते का मनी लॉड्रिंग में इस्तेमाल बताकर उससे 11.50 लाख रुपये ठगे गए। जिन खातों में उसका पैसा ट्रांसफर हुआ, वह वक्त रहते फ्रीज कर दिए गए। कोर्ट ने 30 नवंबर 2023 को पैसा रिलीज करने का आदेश दिया। साथ ही यह भी कहा कि 12 लाख रुपये सिक्योरिटी बतौर प्रतिभूति जमा करे। एक हफ्ते तक युवती ने कोशिश की, उसके पास 12 लाख नहीं इकट्ठा हुए। उसके भाई ने रिश्तेदारों से पैसा लेकर 12 लाख की एफडी बनवाई। उसे जमा किया गया, तब बैंक ने रुपये रिलीज किया।

## देशभर में तेजी से बढ़ रही साइबर धोखाधड़ी




स्रोत : राष्ट्रीय साइबर रिपोर्टिंग प्लेटफार्म (एनसीआरपी)

## वाहन के दस्तावेज भी मान्य

वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद जावेद हुसैन ने कहा-कोर्ट में बंधपत्र के लिए एफडी, एलआईसी की पॉलिसी, मकान की रजिस्ट्री, कृषि योग्य भूमि और वाहन के दस्तावेज लगाए जा सकते हैं। शर्त यह है कि कीमत संपत्ति के बराबर अथवा उससे अधिक हो। इसमें कुछ सुधार किया जाना चाहिए ताकि पीड़ितों पर दोहरी मार न पड़े।

## बंधपत्र देना जरूरी

वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कहा-सीआरपीसी की धारा 436, 437 में बंधपत्र लिए जाने का प्रावधान है। इसके तहत जमानत अथवा किसी भी मूल्यवान वस्तु को रिलीज करने के लिए कोर्ट बंधपत्र मांगती है। मूल्यवान वस्तु को रिलीज करने के लिए उतनी ही कीमत का बंधपत्र देने का कानून है।

## केस चलने तक सिक्योरिटी जमा रहेगी

पूर्व डीजीसी पीयूष शुक्ला बताते हैं कि ठगी के मुकदमों में पैसा रिलीज होने के लिए जो भी दस्तावेज दिए जाते हैं, वह माल मुकदमा हो जाते हैं। जब तक मुकदमे का फैसला नहीं होता, दस्तावेज जमा रहते हैं। यानी साइबर ठगी के केस में निर्णय 10 साल बाद आया तो एफडी की राशि 10 साल तक निकाली नहीं जा सकेगी।

**27** सितंबर 2023 को डिजिटल अरेस्ट किया गया था युवती को

## चार संस्थानों में बनेगा एआई केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार ने एआई केंद्रों की स्थापना के लिए एम्स दिल्ली, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर और आईआईटी रोपड़ को चुना है। ये संस्थान स्वास्थ्य, स्मार्ट शहरों और कृषि के क्षेत्रों में एआई अनुसंधान को बढ़ावा देंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को संसद में इसकी जानकारी दी।

ये केंद्र कंसोर्टियम मॉडल पर काम करेंगे, जिसमें शीर्ष शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान, उद्योग जगत और स्टार्टअप्स मिलकर काम करेंगे।

केंद्रों का चयन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया। इसमें उद्योग, एआई विशेषज्ञ, शिक्षाविद और मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल थे।






### गृह मंत्री ने कहा- बैंकों के साथ समन्वय से 'म्यूल' खातों की पहचान की जाएगी

# साइबर जालसाजों पर एआई से शिकंजा कसेगी सरकार : शाह

संकल्प

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) का इस्तेमाल कर साइबर जालसाजों पर लगाम लगाएगी। एआई का उपयोग कर रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंक के साथ समन्वय से उन 'म्यूल' खातों की पहचान की जाएगी, जिनमें साइबर जालसाज ठगी की रकम जमा करते हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में 'साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री ने कहा कि म्यूल अकाउंट को ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने की व्यवस्था भी की जाएगी। बता दें कि म्यूल अकाउंट ऐसे बैंक खाते हैं, जो गैरकानूनी गतिविधियों से पैसा हासिल और ट्रांसफर करके अवैध ट्रांजेक्शन का जरिया बनते हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने साइबर सुरक्षित भारत बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। समिति ने बैठक में साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ है, जिसके कारण स्वाभाविक रूप से साइबर हमलों की संख्या में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि जब तक 'सॉफ्टवेर', 'सर्विसेज' और 'यूजर्स' के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी को नियंत्रित नहीं किया जाएगा, तब तक साइबर स्पेस की समस्याओं का समाधान असंभव है। साइबर क्राइम 'बॉर्डरलेस' और 'फॉर्मलेस' क्राइम है, क्योंकि इसकी कोई सीमा नहीं है। 'डिजिटल क्रांति' के साइज और स्केल को समझे बिना हम साइबर क्षेत्र की चुनौतियों का सामना नहीं कर सकते।

**साइबर अपराध से निपटने को चार प्रकार की रणनीति :** मंत्री ने कहा कि साइबर अपराध से निपटने के लिए हमने चार प्रकार की रणनीति अपनाई है जिसमें कन्वर्जेंस, कोआर्डिनेशन-समन्वय, कम्युनिकेशन और कैपासिटी यानि क्षमता शामिल हैं। इन चारों में निश्चित लक्ष्य और व्यूह रचना के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर-मंत्रालयी और गृह मंत्रालय में अंतर-विभागीय समन्वय को बढाया गया है, जिससे सीमलेस कम्युनिकेशन और सूचना की धारा प्रवाह प्राप्ति को सुनिश्चित किया जा रहा है।



नई दिल्ली में मंगलवार को 'साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में पहुंचे अमित शाह।

## 95 प्रतिशत गांव डिजिटली कनेक्ट

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में आज 95 प्रतिशत गांव डिजिटली कनेक्ट हो चुके हैं और एक लाख ग्राम पंचायत वाई-फाई हॉटस्पॉट से युक्त हैं। पिछले दस वर्षों में इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों की संख्या साढ़े चार गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में यूपीआई के द्वारा कुल 17, 221 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 246 लाख करोड़ लेन-देन हुए हैं।

## डेढ़ करोड़ रोजगार का सृजन हुआ

शाह ने कहा कि स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के मामले में भी भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। वर्ष 2023 में जीडीपी में डिजिटल इकॉनमी का योगदान 12% रहा और करीब डेढ़ करोड़ रोजगार का सृजन हुआ। शाह ने कहा कि आज भारत दुनिया में डिजिटल परिदृश्य में तीसरे नंबर का देश बन चुका है।

# सीमा पर 'शून्य घुसपैठ' सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बीएसएफ को कड़ी निगरानी, बॉर्डर ग्रिड को मजबूत करने और तथा सीमा सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से 'शून्य घुसपैठ' सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के लिए मंगलवार को दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठकों की अध्यक्षता की। ये बैठकें चार-पांच फरवरी 2025 को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठकों की कड़ी में आयोजित की गईं। केंद्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, सीआरपीएफ और बीएसएफ के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठकों में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आतंक मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अर्धसैनिक बलों की भूमिका पर बल दिया। अमित शाह ने सीआरपीएफ को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ तालमेल जारी रखने का निर्देश दिया।

## खुफिया तंत्र की भी समीक्षा

गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में काम कर रहे खुफिया तंत्र की भी समीक्षा की और उन्हें गुणवत्तापूर्ण खुफिया जानकारी प्राप्त करने के लिए कवरेज और पैठ बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने खुफिया जानकारी उत्पन्न करने के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को दोहराया। शाह ने कहा कि आतंक-वित्तपोषण की निगरानी, नार्को-आतंकवादी मामलों पर कड़ी पकड़ और जम्मू-कश्मीर में पूरे टेरर इकोसिस्टम को खत्म करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 'जीरो टेरर प्लान' के लिए मजबूत कदम उठाये जा रहे हैं।

**नकारात्मक प्रचार का मुकाबला करने का निर्देश :** गृह मंत्री ने राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा किए जा रहे नकारात्मक प्रचार का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया ताकि लोगों के सामने सही तस्वीर पेश की जा सके। उन्होंने एजेंसियों के बीच तालमेल जारी रखने के निर्देश दिए और टेक्नोलॉजी अपनाने तथा इंटेलिजेंस बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया। अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए तालमेल के साथ काम जारी रखने का निर्देश दिया।

देश 30s

## कोस्ट गार्ड के पूर्व डीजी पर मुकदमा


नई दिल्ली। सीबीआई ने कोस्ट गार्ड के पूर्व महानिदेशक के. नटराजन पर मुकदमा दर्ज किया है। नजराजन पर वरिष्ठ अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) डोजियर में छेड़छाड़ करने का आरोप है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों के गोपनीय व्यक्तिगत रिकॉर्ड में कथित हेराफेरी को उजागर करते हुए सीबीआई को एक रिपोर्ट भेजी थी। इसके बाद एजेंसी ने पिछले साल अप्रैल में प्रारंभिक जांच शुरू की।

## पत्रिकाओं की यूजीसी-केयर सूची बंद

नई दिल्ली। यूजीसी ने पत्रिकाओं की यूजीसी-केयर सूची को बंद करने की घोषणा की है। आयोग ने अपने अधिकारियों, शिक्षाविदों और छात्रों से पत्रिकाओं को चुनने के लिए पैरामीटर सुझाने के लिए कहा है। यूजीसी-केयर जर्नल सूची में वे पत्रिकाएं शामिल हैं, जिन्हें विश्व स्तर पर स्वीकार किया गया है। इनमें वे पत्रिकाएं भी शामिल हैं, जो यूजीसी के प्रोटोकॉल के आधार पर योग्य पाई गई हैं। इसका मकसद, गुणवत्तापूर्ण पत्रिकाओं की पहचान करने में मदद करना है।

## सुदीप मिश्रा एसीएम फेलो चुने गए

कोलकाता। आईआईटी-खड़गपुर के वरिष्ठ प्रोफेसर सुदीप मिश्रा को एसोसिएशन फॉर कंप्यूटिंग मशीनरी (एसीएम) के फेलो के रूप में चुना गया है। वह इस साल 55 फेलो में से भारत से चुने जाने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं। संस्थान की ओर से बताया गया कि एसीएम फेलो का प्रवेश समारोह सैन फ्रांसिस्को में होगा।

FARNAZ


# सुरक्षाबलों के चक्रव्यूह से टूटी नक्सलियों की कमर

शिकंजा

■ पंकज कुमार पाण्डेय

नई दिल्ली। नक्सल इलाकों में लगातार जारी ऑपरेशन के बाद सुरक्षा बल कोर गढ़ माने जाने वाले नक्सल क्षेत्रों में महज 48 घंटे में 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' (एफओबी) स्थापित करने में सफल हो रहे हैं। नक्सली जब अपनी मुहिम इन इलाकों में चलाने का प्रयास करते हैं तो एफओबी के चक्रव्यूह में फंसकर मारे जाते हैं।

ईडी और एनआईए जैसी जांच एजेंसियों ने भी अपना शिकंजा कस दिया है। सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने कहा, महज 10-15 किलोमीटर की दूरी पर दो-दो सुरक्षा कैंप या 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित किए जा रहे हैं। इस स्थिति में नक्सलियों की कमर टूट रही है। एक अधिकारी ने कहा कि करीब आधा दर्जन सुरक्षा एजेंसियां संबंधित राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर ऑपरेशन को अंजाम देती हैं। अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमाओं पर नक्सली त्रिकोण बनाकर सुरक्षित ठिकानों की तलाश कर रहे हैं। सुरक्षा बलों ने नई रणनीति भांपकर ऐसा जाल बिछाया है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प बचते हैं। पहला वे समर्पण कर दें। दूसरा, सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसी रणनीति के तहत लगातार नक्सल नेताओं सहित उनके कैडर मारे जा रहें हैं।

वर्ष 2023 में 50 नक्सली मारे गए थे तो वहीं 2024 में मुठभेड़ के दौरान 290 नक्सलियों को मौत के घाट उतारा गया। 2025 में अब तक 87 नक्सली मारे गए हैं। 2019 से लेकर अभी तक 290 कैंप स्थापित किए गए हैं। 2024 में 58 कैंप स्थापित हुए थे। इस वर्ष 88 कैंप स्थापित किए जाने के प्रस्ताव पर काम शुरू हो चुका है।

**एफओबी स्थापित करना आसान नहीं :** सीआरपीएफ के सूत्रों का कहना है कि जंगल में एफओबी स्थापित करना आसान नहीं है। आईईडी ब्लास्ट, यूबीजीएल (अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर) अटैक या नक्सली हमले का जोखिम सदैव बना रहता है। लेकिन पूरी रणनीति के तहत पहले पूरे इलाके को सैनिटाइज करके आपरेशन किया जाता है फिर वहां कैंप खोले जाते हैं। सुरक्षा बल लंबे आपरेशन की तैयारी से निकलते हैं। अत्याधुनिक हथियारों के साथ आक्रामक अभियान चलाया जाता है। रणनीति के तहत एक-एक इलाके से नक्सलियों को पीछे धकेलकर वहां डॉमिनेंस स्थापित किया जाता है।

## सभी सप्लाई चेन बंद

पिछले साल और अब जनवरी माह के दौरान अभी तक कई बड़े नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। नक्सलियों की हर तरह की सप्लाई चेन, रसद, दवाएं, राशन और मुखबिरी, सब खत्म होती जा रही हैं। उनके ट्रेनिंग कैंप तबाह किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों के दबदबे की वजह से अब नई भर्ती प्रारंभ नहीं हो पा रही है। नक्सल ट्रेनिंग के लिए न तो जगह बची है और न ही युवा नक्सल जाल में फंस रहे हैं। सड़क, इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य योजनाओं की शत प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करके ग्रामीणों का भरोसा जीतने की मुहिम भी चलाई जा रही है।

## 'इंडिया के दल साथ बैठकर चर्चा करें'

नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने मंगलवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दलों को एक साथ बैठकर यह तय करना चाहिए कि वे आगे चुनाव कैसे लड़ेंगे। कुछ मुद्दों पर भ्रम की स्थिति है उसे सुलझाने की जरूरत है। सिब्बल ने कहा कि कांग्रेस आगे बढ़ने के लिए सभी को आम सहमति से साथ लाने की कोशिश करती है।

# मणिपुर में भाजपा तय नहीं कर सकी सीएम : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि मणिपुर विधानसभा का प्रस्तावित सत्र रद्द कर दिया गया क्योंकि भाजपा नया मुख्यमंत्री तय नहीं कर सकी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला विधानसभा का सत्र नहीं बुलाकर अनुच्छेद 174(1) का उल्लंघन क्यों कर रहे हैं।

मणिपुर में 10 फरवरी से शुरू होने वाले 12वीं विधानसभा के सातवें सत्र को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया। विधानसभा सचिव के मेघजीत सिंह द्वारा रविवार को जारी एक नोटिस से यह जानकारी मिली। जयराम रमेश ने कहा सत्र की संवैधानिक रूप से अनिवार्य बैठक का मंगलवार को आखिरी दिन था।

## 'हाईकमान तय करेगा'

इंफाल। मणिपुर के भाजपा विधायक सपाम केबा और के इबोम्चा ने मंगलवार को कहा कि पार्टी हाईकमान राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में फैसला करेगा। इंफाल में भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा के साथ बैठक करने वाले दोनों भाजपा विधायकों ने कहा कि केंद्र से संघर्षग्रस्त राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास करने का अनुरोध किया है।

# दिल्ली में आप की हार के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : तृणमूल

नई दिल्ली, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने मंगलवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

पार्टी सांसदों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने के टीएमसी के फैसले को सही बताया है। टीएमसी सांसदों का मानना है कि पार्टी की कीमत पर गठबंधन को मजबूत नहीं करना चाहिए। बर्धमान-दुर्गापुर से लोकसभा सदस्य कीर्ति आजाद ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उसके पास कोई आधार नहीं है।


**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम-मिनी रत्न)
सीआईएन: - L74899DL1999GOI101707

**31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का विवरण**

कंपनी के निदेशक मंडल ने 11 फरवरी 2025 को आयोजित अपनी बैठक में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट और बीएसई और एनएसई की वेबसाइटों पर अपलोड किए गए हैं। यह https://www.irctc.com/assets/images/Integrated_Filing_Financial%20Results(11.Feb.2025).pdf पर उपलब्ध है और नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करके इसे एक्सेस किया जा सकता है।

कृते निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता./-
संजय कुमार जैन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 09629741

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 11 फरवरी, 2025

*नोट: उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीकरण विनियम एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47(1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुसरण में है।*

पंजीकृत कार्यालय: आईआरसीटीसी लि. चौथा तल, टॉवर-डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029



**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय - टैगोर गार्डन, नई दिल्ली-110027**

**लिखित परीक्षा / प्रत्यक्ष साक्षात्कार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय टैगोर गार्डन नई दिल्ली-110027 में पूर्णतः अंशकालीन संविदा शिक्षकों के लिए सत्र 2025-26 हेतु लिखित परीक्षा/साक्षात्कार का आयोजन 19 फरवरी 2025 को किया जाएगा। विवरण निम्नवत हैः-

| क्र.सं. | साक्षात्कार की तिथि | साक्षात्कार हेतु विषय व पद |
|---|---|---|
| 1. | 19.02.2025 प्रातः 8.30 बजे से | **स्नातकोत्तर शिक्षक**- अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, वाणिज्य, गणित, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, कंप्यूटर साइन्स **प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक**- सामाजिक विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित **प्राथमिक शिक्षक एवं** COMPUTER INSTRUCTOR, खेल कोच, डॉक्टर, स्टाफ नर्स, योग प्रशिक्षक, संगीत कोच, कला व क्राफ्ट कोच, काउंसलर, स्पेशल एजुकेटर |

इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, बायोडाटा फॉर्म इत्यादि की विस्तृत जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://tagoregarden.kvs.ac.in/ का अवलोकन करें। **प्राचार्य**



bharti **भारती एयरटेल लिमिटेड** airtel
CIN: L74899HR1995PLC095967
पंजीकृत कार्यालय : एयरटेल सेंटर, प्लॉट नंबर 16, उद्योग विहार, फेज-4, गुरुग्राम-122015
कार्पोरेट कार्यालय : भारती क्रीसेन्ट 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, फेस- 2, नई दिल्ली 110070
फोन : 91-124-4222222, फैक्स : 91-124-4248063
ई-मेल : compliance.officer@bharti.in वेबसाइट : www.airtel.in

**पोस्टल बैलट/रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में सूचना**

सदस्यगण कृपया नोट करें कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के साथ पठित धारा 108 और अन्य सभी लागू प्रावधानों, यदि कोई, के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों, कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी लागू दिशानिर्देश/सर्कुलर्स ("एमसीए सर्कुलर्स"), सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 तथा किसी अन्य लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन में, भारती एयरटेल लिमिटेड ("कम्पनी") पोस्टल बैलट नोटिस ("सूचना") में निर्धारित किए जाने वाले व्यवसाय(यों) के निष्पादन के लिए केवल रिमोट ई-वोटिंग ("पोस्टल बैलट" अथवा "ई-वोटिंग") द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से अपने सदस्यों की सहमति की याचना करेगी।

लागू एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में, उक्त सूचना केवल ई-मेल द्वारा, उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("डीपी'ज)/डिपॉजिटरी/कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड शेयर ट्रांसफर एजेन्ट के पास पंजीबद्ध हैं। अतएव, इस पोस्टल बैलट के लिए सदस्यों को सूचना की भौतिक प्रति, डाक मतपत्र और पूर्व-प्रदत्त व्यवसाय जवाबी लिफाफा नहीं भेजा जाएगा। सदस्यों से अपनी सहमति अथवा असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से देने का अनुरोध किया जाएगा। उक्त सूचना में रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित अनुदेश वर्णित किए जाएंगे। उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट https://www.airtel.in/about-bharti/equity/support-and communication/shareholders-communication पर तथा केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ("केफिन") की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com/public/Downloads.aspx पर तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट्स www.nseindia.com तथा www.bseindia.com क्रमानुसार पर भी उपलब्ध होगी।

जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता अभी तक पंजीकृत नहीं करवाया है, वे उक्त सूचना प्राप्त नहीं कर सकेंगे। इन सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत करवाने के लिए नीचे वर्णित दिशानिर्देशों का अनुसरण करें :

i) भौतिक शेयरों के धारक सदस्यों को अधिसूचित किया जाता है कि सेबी के उपयुक्त सर्कुलर्स के अनुसरण में, भौतिक शेयरों के सभी धारक अपने सम्पर्क विवरण तथा ई-मेल पता के विवरण का पंजीकरण/अद्यतनीकरण केफिन के पास आवश्यक प्रपत्र आईएसआर-1 तथा उसमें वर्णित समर्थन दस्तावेज (के साथ) जमा करके करवा सकते हैं।

एक भौतिक सूचना भी, प्रपत्र आईएसआर-1 की प्रति के साथ, उन सदस्यों को भेजी जा रही है, जिनका ई-मेल पता रेकार्ड में पंजीबद्ध नहीं है। इसके अतिरिक्त, प्रपत्र आईएसआर-1 https://karisma.kfintech.com/downloads/2Form_ISR-1.pdf पर डाउनलोड किया जा सकता है तथा इस संबंध में विस्तृत विवरण एफएक्यू'ज https://ris.kfintech.com/faq.html पर देखा जा सकता है।

ii) जिन सदस्यों के शेयर डीमैटीरियलाइज्ड रूप में हैं, उनसे अपना ई-मेल पता अपने संबंधित डीपी'ज के पास पंजीकृत/अद्यतन करवाने का अनुरोध किया जाता है।

iii) उपरोक्त प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रश्न की स्थिति में, सदस्यों से einwards.ris@kfintech.com पर लिखने अथवा टोल फ्री नंबर 1800 309 4001 पर कॉल करने का अनुरोध किया जाता है।

यह विज्ञापन कम्पनी के सभी सदस्यों के हितार्थ जारी किया जा रहा है।

वास्ते **भारती एयरटेल लिमिटेड**
हस्ता./-
रोहित कृष्ण पुरी
जॉइंट कम्पनी सेक्रेटरी ऐंड कम्प्लायंस ऑफीसर

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : फरवरी 11, 2025



**भारती हेक्साकॉम लिमिटेड**
(CIN: L74899DL1995PLC067527)
पंजीकृत कार्यालय : भारती क्रीसेंट, 1 नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, फेज-II, नई दिल्ली-110070, भारत
टेलीफोन: + 91-11-4666 6100, फैक्स: + 91-11-4166 6137
ई-मेल: bhartihexacom@bharti.in, वेबसाइट: www.bhartihexacom.in

**पोस्टल बैलट/रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में सूचना**

सदस्यगण कृपया नोट करें कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा 110 और अन्य सभी लागू प्रावधानों, यदि कोई, के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों, कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी लागू दिशानिर्देश/सर्कुलर्स ("एमसीए सर्कुलर्स"), सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 तथा किसी अन्य लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुपालन में, भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ("कम्पनी") पोस्टल बैलट सूचना ("सूचना") में निर्धारित किए जाने वाले व्यवसाय(यों) के निष्पादन के लिए केवल रिमोट ई-वोटिंग ("पोस्टल बैलट" अथवा "ई-वोटिंग") द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से अपने सदस्यों की सहमति की याचना करेगी।

लागू एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में, उक्त सूचना केवल ई-मेल द्वारा, उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स ("डीपी'ज)/डिपॉजिटरी/कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड शेयर ट्रांसफर एजेन्ट के पास पंजीबद्ध हैं। अतएव, इस पोस्टल बैलट के लिए सदस्यों को सूचना की भौतिक प्रति, डाक मतपत्र और पूर्व-प्रदत्त व्यवसाय जवाबी लिफाफा नहीं भेजा जाएगा। सदस्यों से अपनी सहमति अथवा असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से देने का अनुरोध किया जाएगा। उक्त सूचना में रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित अनुदेश वर्णित किए जाएंगे। उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट https://www.bhartihexacom.in/support-shareholders-communication.html पर तथा केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ("केफिन") की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com/public/Downloads.aspx पर तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट्स www.nseindia.com तथा www.bseindia.com क्रमानुसार पर भी उपलब्ध होगी।

**ई-मेल पता तथा अन्य विवरण पंजीकृत/अद्यतन करवाने की विधि :**

चूंकि, कम्पनी की सम्पूर्ण शेयरहोल्डिंग डीमैटीरियलाइज्ड रूप में है, अतः सभी सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल पता अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट(पार्टिसिपैंट्स) (डीपी'ज) के पास पंजीकृत/अद्यतन करवा लें। डीपी'ज के पास पंजीकृत ई-मेल पता का उपयोग सूचना भेजने के लिए किया जाएगा।

उपरोक्त प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रश्न की स्थिति में, सदस्यों से einwards.ris@kfintech.com पर लिखने अथवा टोल फ्री नंबर 1800 309 4001 पर कॉल करने का अनुरोध किया जाता है।

यह विज्ञापन कम्पनी के सभी सदस्यों के हितार्थ जारी किया जा रहा है।

वास्ते **भारती हेक्साकॉम लिमिटेड**
हस्ता./-
जगदीश सक्सेना दीपक
चेयरमैन
DIN: 02194470

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : फरवरी 11, 2025